श्रीपति निज माया तब प्रेरी। सुनहु कठिन करनी तेहि केरी।।
राम रमापति कर धनु लेहू। खैंचहु मिटै मोर संदेहू।।
भूमि सप्त सागर मेखला। एक भूप रघुपति कोसला।।
|| Ram Katha 969 - *मानस त्रिपति || Tirupati || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 166 | इंदौर, मंगलवार 30 दिसंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## बात पते की

भाषा की अज्ञानता और अधूरा ज्ञान आपको कुछ का कुछ और समझा सकता है। आज के बाद शायद आपको भी लगे कि बात समझने के लिए और शब्द ज्ञान और सीखने की कितनी आवश्यकता होती हैं!




## जबलपुर में कार ने बाइक सवार 4 युवकों को ठोका, 2 की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी।** कुंडम थानान्तर्गत स्थित बाईपास रोड में तेज रफ्तार कार ने दो मोटर साइकिल को टक्कर मार दी। मोटर साइकिल को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी चाय की दुकान में घुस गयी। इस घटना में मोटर साइकिल सवार चारों दोस्तों को चोट आई थी। जिसमें से दो युवक की उपचार के दौरान मौत हो गयी।

### टक्कर मारते हुए दुकान में घुसी कार

कुंडम थाना प्रभारी सतीश अंधवान से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सदाफल निवासी चार दोस्त रविवार की दोपहर दो बाइक में सवार होकर बाईपास पर पहुंचे। तभी जबलपुर की तरफ जा रही तेज रफ्तार कार क्रमांक ओ डी 17 एफ 5555 के चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। बाइकों को टक्कर मारने के बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी दुकान में घुस गयी।

### उपचार के दौरान 2 की मौत

इस घटना में बाइक सवार चारों युवकों को गंभीर चोटें आई थी। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भिजवा दिया गया था। उपचार के दौरान आकाश विश्वकर्मा उम्र 28 तथा दीपक महोबिया उम्र 45 साल की उपचार के दौरान मौत हो गयी। घायल दीपक व एक अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है और उन्हें उपचार के लिए शासकीय मेडिकल अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस ने सूचना मिलने पर पंचनामा कार्यवाही के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया था। पुलिस ने कार जब्त कर आरोपी वाहक चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### सिंहस्थ 2028: दुनिया का सबसे बड़ा मेला होगा!

# सीएम ने किया दावा करीब 40 करोड़ लोग आएंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा उज्जैन में किए गए 129 करोड़ के विकास कार्यों का भूमि पूजन और लोकार्पण सिंहस्थ 2028 की तैयारियों की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह आयोजन नानाखेड़ा खेल मैदान में संपन्न हुआ, जहाँ मुख्यमंत्री ने शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर जोर दिया।

बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में 'सिंहस्थ 2028' को सर्व सुविधायुक्त बनाने के कार्यों की शुरूआत हो गई है। सोमवार को सीएम मोहन यादव ने उज्जैन में करीब 129 करोड़ से होने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया। उन्होंने संकल्प जताया कि सिंहस्थ मेले को विश्वस्तरीय बनाया जाएगा।



### नानाखेड़ा स्टेडियम से सिंहस्थ कार्यों का शंखनाथ

सोमवार को उज्जैन के नानाखेड़ा स्टेडिम में सिंहस्थ के कार्यों के निर्माण व लोकार्पण के लिए सार्वजनिक समारोह रखा गया था। सीएम डॉ. मोहन यादव ने नगर निगम के अधीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं की शुरुआत की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उज्जैन की धार्मिक और पौराणिक महिमा का बखान करते हुए कहा कि आने वाला सिंहस्थ अभूतपूर्व होगा।

### ● इन प्रमुख कार्यों से बदलेगी उज्जैन की तस्वीर

1. सड़कों का जाल बिछेगा शहर के 7 प्रमुख मार्गों (हनुमान नाका, नानाखेड़ा, सांदीपनि चौराहा आदि) का चौड़ीकरण होगा, जिससे ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिलेगी।
2. स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के तहत कानीपुरा में अत्याधुनिक खेल परिसर का निर्माण किया जाएगा।
3. डिजिटल उज्जैन, Utkarshujjain.com पोर्टल का अनावरण और युवाओं के लिए 'कौशल सेतु' प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया।

### 40 करोड़ श्रद्धालु आएंगे: सीएम यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि, सिंहस्थ 2028 विश्व का सबसे बड़ा समागम होगा। हमारा अनुमान है कि 40 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु पुण्य लाभ लेने आएंगे। उनकी सुविधा और सुरक्षा के लिए उज्जैन के बुनियादी ढांचे को अभी से तैयार किया जा रहा है।

# नए साल में खजराना और रणजीत हनुमान मंदिरों में विशेष आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**नववर्ष का आगाज होने जा रहा है। इसे लेकर इंदौर शहर के प्रमुख मंदिरों में विशेष धार्मिक तैयारियां की जा रही हैं। श्रद्धालु नए साल का स्वागत प्रभु के दरबार में हाजिरी लगाकर करने की तैयारी कर रहे हैं।**

शहर के प्रमुख देवालय खजराना गणेश मंदिर में नववर्ष के अवसर पर करीब 5 लाख भक्तों के पहुंचने की संभावना है। इस बार नववर्ष की शुरुआत गुरुवार से हो रही है, जिसे भगवान विष्णु का दिन माना जाता है। इसी कारण वैष्णव भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। खजराना गणेश मंदिर में 31 दिसंबर की रात 11 बजे मंदिर के पट बंद कर दिए जाएंगे। नववर्ष के दिन 1 जनवरी को ब्रह्म मुहूर्त में सुबह 4 बजे





मंदिर के पट खोल दिए जाएंगे, जो देर रात तक खुले रहेंगे। पंडित अशोक भट्ट के अनुसार 31 दिसंबर को बुधवार होने के कारण बड़ी संख्या में गणेश भक्त मंदिर पहुंचेंगे। भीड़ को देखते हुए दो दिनों के लिए अतिरिक्त रैलिंग लगाई जा रही है। वीआईपी दर्शन के लिए 100 रुपये की रसीद पर सुविधा उपलब्ध रहेगी। नववर्ष की सुबह भगवान गणेश का विशेष अभिषेक और अनुष्ठान किया जाएगा। फूलों की भव्य सजावट के साथ भगवान गणेश को परिवार सहित नवीन वस्त्र धारण कराए जाएंगे। शहर के वेंकटेश देवस्थान छत्रीबाग, अन्नपूर्णादेवी मंदिर, बिजासन माता मंदिर, भूतेश्वर महादेव मंदिर और वैष्णोधाम मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर भी नववर्ष को लेकर विशेष पूजन, जाप और परिक्रमा की तैयारियां की गई हैं। ऐतिहासिक रणजीत हनुमान मंदिर में अंग्रेजी नववर्ष 2026 की पूर्व संध्या और सूर्योदय से पहले ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। मंदिर प्रबंधन और जिला प्रशासन ने दर्शन व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। नववर्ष के दिन अभिषेक के बाद सुबह साढ़े पांच बजे मंदिर के पट खोले जाएंगे, जबकि 31 दिसंबर की रात साढ़े ग्यारह बजे बंद होंगे। भक्तों द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा। ऐसी व्यवस्था की जा रही है कि 20 से 25 मिनट में श्रद्धालु दर्शन कर सकें। समय के साथ नए साल को मनाने की परंपरा में बदलाव देखने को मिल रहा है। पहले जहां लोग होटल, रेस्टोरेंट और मनोरंजन स्थलों पर जाते थे, वहीं अब बड़ी संख्या में लोग धार्मिक स्थलों का रुख कर रहे हैं। बुजुर्गों के साथ-साथ युवा भी खजराना गणेश मंदिर, रणजीत हनुमान मंदिर, अन्नपूर्णादेवी मंदिर, बिजासन माता मंदिर, महाकालेश्वर मंदिर उज्जैन और ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग में दर्शन-पूजन कर रहे हैं। रामायण पाठ, सुंदरकांड और हनुमान चालीसा जैसे धार्मिक आयोजनों में युवाओं की भागीदारी भी बढ़ रही है।

स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम के संयुक्त तत्वाधान में 'धन्यवाद इंदौर' कार्यक्रम आयोजित

# हम सब ने यह ठाना है डेंगू, मलेरिया मिटाना है, मच्छरजनित रोगों में आई कमी

**इंदौर। मच्छरजनित रोगों जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकुनगुनिया आदि को इस बार इंदौर की जनता ने हरा दिया है। शासन - प्रशासन के प्रयासों और जिले की जागरूक जनता के सहयोग के चलते इस बार इंदौर शहर ने डेंगू के प्रकरणों को शतक पूरा नहीं करने दिया। पिछले बार जहां डेंगू के 550 प्रकरण रिपोर्ट हुए थे, वहीं इस वर्ष ये आंकड़ा महज 65 पर रुक गया है। मलेरिया प्रकरण भी कुल 11 रिपोर्ट हुए हैं जिनमें से अधिकांश की माइग्रेशन हिस्ट्री महाराष्ट्र की निकली है।**



जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. रश्मि शर्मा दुबे ने बताया कि इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को देखते हुए इंदौर के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने हेतु 'धन्यवाद इंदौर' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस उपलब्धि के पीछे वातावरणीय और एंटोमोलॉजिकल कारण भी निश्चित रूप से रहे हैं। वर्षाकाल का परिवर्तित रूटीन, शीतकाल का विलम्बित होना और वातावरण में आद्रता की परिस्थितियों में परिवर्तन भी मुख्य कारण रहे हैं कि इस वर्ष मच्छरजनित बीमारियां कम सामने आई है। इस वर्ष जनवरी से दिसम्बर तक कुल 121267 घरों में लार्वा सर्वे किया गया, जिनमें 626714 कन्टेनरों में से 3073 कन्टेनरों में लार्वा पाया गया, जिन्हें तत्काल विनष्ट कर आम जनता को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में महापौर प्रतिनिधि श्री भारत पारिख ने कहा कि इंदौर नगर निगम नागरिक हित के लिए प्रतिबद्ध है। निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित रूप से फॉगिंग और दवाई छिडकाव का कार्य किया जा रहा है। नगर निगम अधिकारियों ने जिला मलेरिया कार्यालय की टीम के साथ समन्वय स्थापित करके कार्य किया है। इस वर्ष नई फॉगिंग मशीन भी शहर की जनता के सौगात के रूप में समर्पित की गई है। आगामी वर्ष में भी डेंगू मलेरिया न फैले इसके लिए सभी संभव प्रयास किये जाएंगे। विशेष अतिथि राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हिमांशु जायसवाल ने कहा कि इस वर्ष प्रदेश स्तर पर भी डेंगू के प्रकरणों में आश्चर्यजनक कमी देखी गई है, किंतु डेंन वायरस प्रत्येक 3 वर्षों में लौट कर आता है और अति सक्रिय होकर महामारी का रूप ले सकता है। इसलिए हमारी टीम को हर परिस्थिति से लड़ने के लिए तैयार रहने हेतु प्रशिक्षित किया जा रहा है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासनी ने कहा कि इस वर्ष शासन स्तर से प्राप्त स्क्वाड और जिला मलेरिया कार्यालय के स्टाफ ने नगर निगम के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया है। जहां भी डेंगू मलेरिया की जानकारी मिली टीम ने एकजुट होकर लार्वा सर्वे, लार्वा विनष्टीकरण और फीवर सर्वे किया है। सभी शासकीय अस्पतालों में दवाइयो का स्टाक उपलब्ध है और सभी की निःशुल्क जांच कर निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है।

गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के सहयोग से संचालित एम्बेड परियोजना - फैमिली हेल्थ इंडिया इंदौर के श्री अवधेष सिंह ने इस अवसर पर बताया कि उनकी टीम के 12 नियमित और 150 अनियमित कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर लोगों को समझाइश दी है। साथ ही लार्वा नष्ट करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसके चलते डेंगू प्रकरणों में इस वर्ष बड़ी कमी दिखाई दी गई है। एम्बेड की टीम ने मुख्य रूप से शहर की सभी मलीन बस्तियों में पहुंचकर मच्छर रोधी गतिविधियां की है। इस अवसर मानव श्रृंखला बनायी गई और गांधी हाल से रीगल चौराहा तक जागरूकता रैली भी निकाली गई। कार्यक्रम में नर्सिंग छात्राएं एवं नागरिक उपस्थित थे।

## कपड़ा कारखाने से पकड़े पश्चिम बंगाल के कारीगर



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कमला नेहरू नगर में एसआईआर सर्वे के दौरान बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने एक कारखाने में काम करने वाले पश्चिम बंगाल के कारीगरों को पकड़ा है। बीजेपी कार्यकर्ताओं ने इन पर बांग्लादेशी होने का आरोप लगाया है। कार्यकर्ताओं द्वारा सभी को थाने लेकर लाया गया। बीजेपी के चंदन सिंह ने बताया कि पुलिस और प्रशासन की बिना जानकारी के वह यहां रह रहे थे। उन्होंने इन सभी के डॉक्यूमेंट चेक करते हुए कार्रवाई करने की बात कही है।

मल्हारगंज थाने में रानी लक्ष्मीबाई मंडल के अध्यक्ष चंदन सिंह बैस अपने कार्यकर्ताओं के साथ कमला नेहरू नगर से करीब 17 बांग्लादेशी मुस्लिमों को लेकर पहुंचे थे। उनका आरोप था कि ये सभी कारखाने में अवैध तरीके से रह रहे हैं। उनके वोटर आईडी कार्ड और आधार कार्ड फर्जी हैं। इसके बाद पुलिस ने उन्हें जांच के लिए थाने में बैठा लिया। मंडल अध्यक्ष चंदन सिंह बैस का कहना था कि करीब 17 बांग्लादेशी मुस्लिमों में से 4 के आधार कार्ड के ओटीपी ही आए हैं। बाकी के अपडेट भी नहीं हैं। मोबाइल नंबर भी नहीं बदले गए। वह नंबर बंद हो चुके हैं। वहीं उन्होंने बताया कि यहां करीब 5 साल से ये लोग रहकर काम कर रहे हैं। ठेकेदार ने भी इनकी जानकारी थाने पर नहीं दी है। टीआई वीरेंद्र सिंह कुशवाह ने बताया- कारीगरों के पास जो आधार कार्ड मिले हैं वे पश्चिम बंगाल के हैं। वह खुद को भी पश्चिम बंगाल का रहने वाला बता रहे हैं। पुलिस उनके दस्तावेज लेकर जांच करवा रही है। उन्हें लाने वाले ठेकेदार पर भी थाने पर सूचना नहीं देने को लेकर कार्रवाई की जा रही है। सभी कारीगर काफी समय से यहां पर सिलाई कारखाने पर काम करते हैं।

# दो कार भिड़ीं, एक की मौत

मुंबई के दंपती सहित 7 घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। उमरीखेड़ा में सोमवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां दो कारें आपस में टकरा गईं। हादसे में एक की मौत हो गई और मुंबई के दंपती सहित 7 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। सभी को एमवायएच भेजा गया है।**



तेजाजी नगर टीआई देवेन्द्र मरकाम के मुताबिक, उज्जैन से ओंकारेश्वर जा रही कार और सनावद से इंदौर आ रही कार में टक्कर हो गई। हादसे में मुंबई निवासी निखिल कोठारी, उनकी पत्नी सलोनी, अमन पुत्र रशीद खान निवासी उज्जैन, ओमप्रकाश पुत्र आलोक चंद निवासी सनावद, चेतराम पुत्र बारेलाल निवासी सनावद, अरबाज निवासी सनावद और पवन निवासी सदरसर घायल हैं। वहीं भैयालाल (45 वर्ष) पुत्र लक्ष्मलाल निवासी सनावद की अस्पताल में मौत हो गई है।

सनावद से इंदौर आ रही कार में एक मरीज था। उसे इलाज के लिए इंदौर लाया जा रहा था। वहीं दूसरी कार उज्जैन से ओंकारेश्वर जा रही थी। यहां उज्जैन की कार के ड्राइवर को झपकी लग गई। वह सामने से आ रही कार से जा टकराया। सूचना के बाद तेजाजी नगर पुलिस मौके पर पहुंची। परिवार के लोगों ने बताया कि इंदौर आ रही कार में ओमप्रकाश, चेतराम और मरीज भैयालाल सवार थे। भैयालाल को इंदौर इलाज के लिए लाया जा रहा था। हादसे में भैयालाल की मौत हो गई है। वहीं ओमप्रकाश को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चेतराम और भैयालाल आपस में रिश्तेदार हैं। मुंबई के दंपती ने बताया कि वह उज्जैन-ओंकारेश्वर में दर्शन करने आए थे। यहां पर उज्जैन में रविवार को रुके थे। टैक्सी किराए से ली थी और ओंकारेश्वर के लिए निकले थे, तभी रास्ते में हादसा हो गया। दंपती मुंबई में ही जॉब करते हैं। वे मूल रूप से गुजरात के रहने वाले हैं।

# काम को देखने महापौर पहुंचे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** जोन क्रमांक 22 के वार्ड 36 में आने वाली मास्टर प्लान की एडवांस एकेडमी से रिंग रोड तक 46.68 करोड़ की लागत से रोड बनाई जा रही है। इसकी लंबाई 3.65 किमी और चौड़ाई 30 मीटर है। यहां चल रहे काम को देखने के लिए सोमवार को महापौर पुष्यमित्र भार्गव पहुंचे। महापौर ने यहां का पूरा दौरा किया। रोड बनाने के काम में हो रही देरी और धीमी गति से चल रहे काम को देखते हुए उन्होंने संबंधित ठेकेदार और कंसल्टेंट को काम में तेजी लाने के साथ



की काम कितने दिन में पूरा होगा और काम की क्या प्लानिंग है इस बारे में वर्क प्लान बनाने के लिए कहा है। महापौर ने संबंधित अधिकारी से पूछा कि इस रोड को बनाने में कोई भी बाधा नहीं है, इसके बाद भी काम देरी क्यों हो रही है? इसके साथ ही सेंट्रल लाइन डालने के बाद भी काम में गति क्यों नहीं आ रही है। जब सेंट्रल लाइन डालने का काम किया जाता है तो उसी दौरान सेंट्रल लाइन में आने वाले बाधक निर्माण के लिए आवश्यक कार्रवाई पहले पूरी की जाए, ताकि रोड बनाने में किसी भी प्रकार की कोई समस्या ना आए।

# सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में सैलरी नहीं मिली, काम बंद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर के प्रतिष्ठित सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में कामकाज पूरी तरह ठप हो गया है। वेतन न मिलने से नाराज बड़ी संख्या में आउटसोर्स और संविदा कर्मचारियों ने अचानक हड़ताल का रास्ता चुन लिया है। इस विरोध प्रदर्शन के कारण अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह चरमरा गई हैं।**



कर्मचारियों का आरोप है कि पिछले काफी समय से उन्हें वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। बार-बार गुहार लगाने और आश्वासन मिलने के बावजूद उनके बैंक खातों में सैलरी नहीं आई। आर्थिक तंगी से जूझ रहे कर्मचारियों का कहना है कि अब उनके पास काम बंद करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। सफाईकर्मियों, वार्ड बॉय और अन्य सहायक कर्मचारियों के काम न करने से अस्पताल की सफाई व्यवस्था और मरीजों की देखभाल पर गहरा असर पड़ा है। अस्पताल परिसर में गंदगी का अंबार लगने लगा है और मरीजों को बुनियादी सहायता के लिए भी परेशानी उठानी पड़ रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रदर्शनकारी कर्मचारियों से चर्चा की है। प्रबंधन का तर्क है कि तकनीकी गड़बड़ियों या बजट की उपलब्धता में देरी के कारण वेतन रुका है। उन्होंने जल्द ही भुगतान प्रक्रिया पूरी करने का भरोसा दिलाया है। इस अचानक हुई हड़ताल ने दूर-दराज से इलाज के लिए आए मरीजों और उनके परिजनों को संकट में डाल दिया है। अस्पताल में कई महत्वपूर्ण जांचें और रूटीन चिकित्सा कार्य समय पर नहीं हो पा रहे हैं, जिससे मरीजों की जान पर जोखिम बढ़ गया है।

# बदमाशों के पास मिले 68 लाख के जेवरात

## 450 ग्राम सोना और ढाई किलो चांदी जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। तेजाजी नगर पुलिस ने 3 बदमाशों को पकड़ा है। बदमाशों से करीब 450 ग्राम सोना और ढाई किलो चांदी जब्त की है। आरोपियों को पुलिस ने रिमांड पर लिया गया था। इसके बाद उनकी निशानदेही पर यह जब्ती हुई है।**



सोमवार को डीसीपी कृष्ण लाल चंदानी ने बताया कि तेजाजी नगर पुलिस ने आकाश पिता अर्जुन बघेल निवासी अलीराजपुर, पंकज पिता भाग निवासी टांडा और शेरू पुत्र हरू वसुनिया निवासी टांडा को पकड़ा था। जब्त सोना और चांदी की कीमत 68 लाख से ज्यादा है। पुलिस को जानकारी मिली कि आरोपियों ने बड़गौदा, पीथमपुर के धार में भी वारदातें की हैं। आरोपियों ने तेजाजी नगर और राजेंद्र नगर के साथ अन्य थानों में भी वारदात की थी। जिसमें चोरी ओर लूट का माल उनसे जब्त किया गया। पुलिस के मुताबिक आरोपियों को लेकर करीब 3 माह से लगातार नजर रखी जा रही थी। जिसमें उनकी घेराबंदी कर उन्हें पकड़ा गया। आकेश के पास से एक देशी कट्टा और 8 जिंदा कारतूस मिले हैं। आकेश पर लूट और डकैती जैसे करीब 7 अपराध कई थानों में दर्ज हैं। वहीं, शेरू पर 6 अपराध दर्ज होने की जानकारी सामने आई है। आरोपी पंकज को लेकर पुलिस जानकारी निकाल रही है। बाणगंगा में हुई डकैती कांड के आरोपी सोमला गैंग से भी आरोपियों का संपर्क रह चुका है। तेजाजी नगर पुलिस आकेश पर दो बार पहले भी कार्रवाई कर चुकी है।

### इंडिगो एयरलाइंस की 4 फ्लाइट फिर कैंसिल

इंदौर। देवी अहिल्याबाई इंटरनेशनल एयरपोर्ट से इंडिगो एयरलाइंस की उड़ानों के निरस्त होने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को भी इंडिगो ने इंदौर से दिल्ली और चेन्नई की उड़ानें निरस्त कर दीं। इससे इन उड़ानों में पहले से बुकिंग करा चुके यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि एयरलाइन ने यात्रियों को री-बुकिंग और री-शेड्यूल की सुविधा उपलब्ध कराई है। इंडिगो एयरलाइंस द्वारा एक दिसंबर से क्रू की कमी का हवाला देते हुए लगातार उड़ानें निरस्त की जा रही हैं। इस बीच शासन द्वारा लागू नए फ्लाइट टाइमिंग नियमों की अवधि फरवरी तक बढ़ा दी गई है, इसके बावजूद इंडिगो की उड़ानों का निरस्तीकरण जारी है। विमानतल से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार को इंडिगो की कुल चार उड़ानें निरस्त की गईं। इनमें दोपहर 12 बजे दिल्ली से इंदौर आने वाली और 12.30 बजे इंदौर से दिल्ली जाने वाली उड़ान, वहीं रात 9.40 बजे चेन्नई से इंदौर आने वाली और 10.10 बजे इंदौर से चेन्नई जाने वाली उड़ान शामिल हैं।

# समस्याओं को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस ने सोमवार को विजय नगर जोन कार्यालय पर प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि मास्टर प्लान सड़क और मेट्रो का काम एक साथ चलने से परेशानी बढ़ गई है।**



शहर में गंदा और ड्रैनेज का पानी लोगों के घरों में आ रहा है। पूरा शहर खोद दिया है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि नगर निगम की अनदेखी के कारण बुनियादी सुविधाएं चरमरा गई हैं। शहर भर में अव्यवस्था का माहौल है। दरअसल, अभी अलग-अलग प्रोजेक्ट के निर्माणाधीन होने से शहर में ट्रैफिक के साथ अन्य समस्याएं भी बढ़ गई है। कई क्षेत्रों की सड़कें बदहाल है। लोगों को निकलने में परेशानी हो रही है। कांग्रेस नेता चिंटू चौकसे, विनय बाकलीवाल, राहुल सिंह, देवेंद्र सिंह यादव सहित काफी संख्या में कांग्रेसी विजय नगर जोन पहुंचे। उन्होंने वार्ड 30 और 37 की समस्याओं को लेकर विरोध प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। कांग्रेस के आरोपों पर मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि विजय नगर क्षेत्र में इस समय मास्टर प्लान सड़क और मेट्रो का काम एक साथ चल रहा है। इसी वजह से कहीं-कहीं डैमेज का पानी आ सकता है, लेकिन शिकायत मिलने पर उस पर तुरंत निदान किया जा रहा है। जहां से शिकायत मिली है, वहां पर काम भी किया जा रहा है।

# शोरूम में करंट से झुलसा, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** खुडैल इलाके में रहने वाला एक मैकेनिक शोरूम के चेंजिंग रूम में कपड़े बदलने के दौरान शॉर्ट सर्किट से जल गया। उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है। खुडैल पुलिस के मुताबिक राहुल( 22 ) पुत्र सुनिल कुमावत निवासी विराट नगर की मौत के मामले में मर्ग कायम किया है। राहुल बजाज के शोरूम पर देवगुराड़िया में मैकेनिक के पद पर काम करता था। 22 दिसंबर की शाम वह चेंजिंग रूम में कपड़े बदलने गया था। इस दौरान वहां शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग गई। राहुल इस दौरान जल गया। बाद में शोरूम के अन्य कर्मचारियों ने उसे बाहर निकाला ओर अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां सोमवार सुबह उसकी मौत हो गई। परिवार के मुताबिक राहुल उनके माता पिता का इकलौता बेटा है। वहीं उसकी दो बहनें भी हैं। परिवार के लोगों ने बताया कि राहुल की शादी नहीं हुई थी। उसके पिता छोटा मोटा काम करते हैं।

# बिना नंबर की बाइक पर ब्राउन शुगर के साथ पकड़ाया मैकेनिक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच की टीम ने 13.82 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक बदमाश को पकड़ा। ब्राउन शुगर की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 1 लाख 40 हजार रुपए है। बदमाश गाड़ी रिपेयरिंग का काम करता है और 8वीं तक पढ़ा हुआ है। एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के बाद टीम लोखंडे पुल पर पहुंची। यहां पर रोड किनारे एक व्यक्ति काले रंग की बिना नंबर की बाइक पर बैठा दिखा, जो गतिविधि से संदिग्ध लगा। टीम ने उसकी घेराबंदी की तो टीम को देखकर वह घबरा गया। उससे पूछताछ कि तो उसने अपना नाम भूपेंद्र डिगवा निवासी एरोड्रम बताया। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से 13.82 ग्राम ब्राउन शुगर मिली। बाइक सहित उससे 2 लाख 30 हजार रुपए का माल बरामद किया है। एडिशनल डीसीपी ने बताया कि बदमाश से पूछताछ की तो पता चला कि वह गाड़ी रिपेयरिंग का काम करता है और 8वीं तक पढ़ाई की है। उससे ये जानकारी निकाली जा रही है कि वह ब्राउन शुगर कहां से लेकर आता था और शहर में किन-किन लोगों को सप्लाई करता था। इसके साथ ही उसके पुराने आपराधिक रिकॉर्ड भी चेक कराए जा रहे हैं। बदमाश के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा में कायमी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

# द्वारकापुरी में युवक को दौड़ाकर मारे चाकू



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** द्वारकापुरी में बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। दो बदमाशों ने नशा करने के लिए पैसे के लिए एक युवक को रोका और उससे रुपए मांगे। युवक ने इंकार किया तो आरोपियों ने दौड़ाते हुए उसे चाकू मार दिए। युवक रास्ते में गिर गया जिसके बाद उसे पड़ोसी ऑटो ड्रायवर ने देखा तो अस्पताल लेकर पहुंचा। यहां आईसीयू में युवक का उपचार चल रहा है। वहीं पुलिस ने सोमवार को दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर उनका जुलूस निकाला। द्वारकापुरी पुलिस ने रविवार रात चेतन पुत्र जयदेव कतोरे के बयान के आधार पर शिवम पुत्र रामगोपाल मौर्य निवासी 60 फीट रोड और हर्ष उर्फ भय्यू पुत्र लोकेन्द्र भंवर के खिलाफ अवैध वसूली और चाकूबाजी के मामले में एफआईआर की है। चेतन ने अपने बयान में पुलिस को बताया कि वह आयुर्वेदिक मेडिकल शॉप पर काम करता है। रात में वह दुकान से आने के बाद राम मंदिर पर दीपक लगाने पहुंचा। यहां से उत्कर्ष गार्डन के समाने से आ रहा था। रास्ते में शिवम ने उसे रोका ओर नशा करने के लिए रुपए मांगे। जब उसने इंकार किया तो हर्ष ने थप्पड़ मार दिया। इसके बाद उसने हर्ष को धक्का दिया और मौके से भागा। शिवम ने अपनी कमर से चाकू निकाला और चेतन के पैर पर मार दिया। दौड़ते हुए आरोपी ने एक के ऊपर एक और वार किया।

### सरकार, प्रशासन और समाज मिलकर बनाएंगे सिंहस्थ को भव्य, दिव्य और ऐतिहासिक आयोजन

# उज्जैन आने वाले श्रद्धालु सिर्फ मेहमान नहीं, महाकाल के अतिथि हैं, उनके सत्कार में संवेदना भी हो : मुख्यमंत्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बाबा महाकाल के दर्शन के लिए उज्जैन आने वाले सभी श्रद्धालुओं का स्वागत है, अभिनंदन है। बीते तीन-चार दिनों के अंदर ही 5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल के दर्शन किए। उज्जैन आने वाले सभी श्रद्धालु सिर्फ हमारे मेहमान नहीं, स्वयं बाबा महाकाल द्वारा आमंत्रित अतिथि हैं। महाकाल ने उन्हें दर्शन देने के लिए बुलाया है। इसलिए सभी श्रद्धालुओं के सत्कार से जुड़ी हर व्यवस्था में संवेदना और आत्मीयता भी होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा महाकाल की कृपा से ही उज्जैन नगरी सिर्फ भारत नहीं, सम्पूर्ण विश्व की आध्यात्मिक चेतना का केंद्र बनी हुई है। उज्जैन के नागरिकों का सहयोग ही बाबा महाकाल की सच्ची सेवा है। सरकार, प्रशासन और समाज मिलकर सिंहस्थ-2028 को सबसे भव्य, दिव्य और अनुशासित के साथ एक सुरक्षित, सुव्यवस्थित और ऐतिहासिक आयोजन बनाएंगे।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा गया कि "सिंहस्थ" को ध्यान में रखते हुए उज्जैन में आधारभूत संरचनाओं का सुदृढ़ीकरण एवं नागरिक सुविधाओं का विकास



प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है, ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को सुगम, सुरक्षित और सुव्यवस्थित सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। सिंहस्थ को भव्य, दिव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी प्रबंध किए जा रहे हैं, आपने कहा कि श्री महाकाल की इस धरती में विकास सदा अविराम होगा, विकास का यह कारवा सदा चलता जाएगा और पूरे मध्यप्रदेश में विकास का कारवां लगातार चलता रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को उज्जैन के नानाखेड़ा स्टेडियम में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने यहां लगभग 129 करोड़ रुपए की लागत के 12 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने उज्जैन में युवाओं को केंद्र में रखकर तैयार की गई तीन महत्वपूर्ण पहलों का एक साथ लोकार्पण एवं शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रोजेक्ट स्वाध्याय का शुभारंभ किया। इस प्रोजेक्ट के जरिए विद्यार्थियों को कम उम्र से ही कोडिंग और डिजिटल सोच से जोडा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने UtkarshUjjain.com वेब पोर्टल का भी शुभारंभ किया। यह पोर्टल युवाओं के लिए सीखने, मार्गदर्शन और अवसरों का एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म बनेगा। साथ ही कौशल सेतु इंडस्ट्री-लीड स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम का भी आगाज किया। कौशल सेतु शिक्षा और उद्योग के बीच की दूरी को पाटते हुए युवाओं को वास्तविक इंडस्ट्री की जरूरतों के अनुरूप तैयार करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह तीनों पहले उज्जैन के युवाओं को केवल डिग्री तक ही सीमित नहीं रखेंगी, बल्कि उन्हें जॉब-रेडी, स्टार्टअप-रेडी और फ्यूचर-रेडी बनाने का आधार तैयार करेंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन शहरी क्षेत्र में 124 करोड़ रुपए लागत से बनने वाले 11 विकास कार्यों का भूमिपूजन भी किया। इसमें करीब 102 करोड़ रुपए लागत से विभिन्न सड़कों का चौड़ीकरण कार्य, 9.50 करोड़ रुपए लागत से कपिला गौशाला (3000 गौ-वंश क्षमता वाली) का संवर्धन एवं विकास कार्य, 8.75 करोड़ रुपए लागत से पंवासा क्षेत्र में ईडब्ल्यूएस कॉलोनी में विकास कार्य, 3.47 करोड़ रुपए लागत से कानीपुरा में स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का निर्माण तथा लगभग 5 करोड़ रुपए लागत से नवीन जनपद पंचायत भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी शामिल है। उन्होंने कहा कि इन सभी कार्यों के अलावा 45 करोड़ लागत के अन्य काम भी प्रगति पर हैं। मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि उज्जैन के इस पुराने हॉकी स्टेडियम में आधुनिक एस्ट्रोटर्फ लगाया जाएगा, जिससे यहां इंटरनेशनल हॉकी मैच हो सकें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में भारतीय खिलाड़ी लगभग सभी खेलों में पदक विजेता बन रहे हैं। इस दौरान विधायक सतीश मालवीय, विधायक जितेंद्र पंडिया, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कमला कुंवर देवड़ा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती भवंर बाई चौधरी, नगर भाजपा अध्यक्ष संजय अग्रवाल, कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कुमट, भूतपूर्व विधायक राजेंद्र भारती, एमआईसी सदस्य अनिल गुप्ता, रजत मेहता, प्रकाश शर्मा, कैलाश प्रजापत, श्रीमती दुर्गा शक्ति सिंह चौधरी, डॉ. योगेश्वरी राठौर, श्रीमती सुगन बाबूलाल बाघेला, जोन अध्यक्ष संग्राम सिंह भाटिया, विजय सिंह कुशवाहा, सुशील श्रीवास, सुरेंद्र मेहर, पुरुषोत्तम मालवीय, पार्षद श्रीमती अंशु गोपाल अग्रवाल रामेश्वर दुबे, पंकज चौधरी, दिलीप परमार, श्रीमती आभा कुशवाहा, श्रीमती बबीता घनश्याम गौड़, पार्षद पार्षद प्रतिनिधि विजय चौधरी, गौरव सेंगर, मंडल अध्यक्ष सतीश सिंदल, नगर महामंत्री जगदीश पांचाल, आनंद खींची, कमलेश बैरवा, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभुलाल जाटवा, मुकेश यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शिवानी कुंवर, अपर आयुक्त संतोष टैगोर, पवन कुमार सिंह, संदीप शिवा, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, मनोज मौर्य, अधीक्षण यंत्री संतोष गुप्ता एवं बड़ी संख्या में नागरिक गण उपस्थित रहे। आभार एमआईसी सदस्य शिवेन्द्र तिवारी ने प्रकट किया गया।

## बिना टैक्स दिए निकाली गाड़ियां

**भिंड।** भिंड जिले के मालनपुर स्थित बरैठा टोल प्लाजा पर नेशनल हाईवे चौड़ीकरण की मांग को लेकर संत समाज का आंदोलन मंगलवार को प्रशासनिक आश्वासन के बाद टाल दिया गया। 'नो रोड-नो टोल' के नारे के साथ साधु-संतों ने टोल बैरियर हटवा दिए, जिसके बाद वाहन बिना टैक्स दिए गुजरते रहे। इस आंदोलन की अगुआई दंदरौआ धाम के महंत रामदास महाराज और संत समिति के अध्यक्ष कालिदास महाराज ने की, जबकि कांग्रेस विधायक और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे भी धरने पर बैठकर संतों के समर्थन में नजर आए।

## नेतृत्व को कमजोर नहीं होने देंगे

**भोपाल।** एमपी कांग्रेस के मीडिया विभागाध्यक्ष पद से दो दिन पहले इस्तीफा देने के बाद सोमवार को मुकेश नायक फिर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय (पीसीसी) पहुंचे। जहां उन्होंने अपने इस्तीफा देने के फैसले और मौजूदा हालातों पर बात की। मुकेश नायक ने दो टूक कहा- "आज मध्यप्रदेश में कांग्रेस का जो नेतृत्व है, वह बेहद सशक्त है। ऐसी कठिन परिस्थितियों में जीतू पटवारी के अलावा पार्टी के पास कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि सड़क की राजनीति, किसान आंदोलन, युवाओं के सवाल, संघर्ष और प्रदेश की सुरक्षा व आधारभूत ढांचे से जुड़े मुद्दों पर जीतू पटवारी के पास स्पष्ट दृष्टि और जवाब हैं।

## रेलवे स्टेशन के गेट पर लगाई फांसी

**मंडला।** जिले के नैनपुर रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट के ठीक सामने दिनदहाड़े एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह घटना सुबह करीब 11:30 बजे हुई, जब स्टेशन परिसर में यात्रियों, दुकानदारों और आम नागरिकों की भारी आवाजाही थी। 24 घंटे सुरक्षा और चहल-पहल वाले इस क्षेत्र में हुई इस गंभीर घटना की जानकारी मौके पर तैनात जीआरपी और आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा बल) को तुरंत नहीं मिली। जीआरपी के एसआई के अनुसार, मृतक की पहचान उसके पास मिले आधार कार्ड से पश्चिम बंगाल निवासी विष्णु मंडल के रूप में हुई है। आधार कार्ड के जरिए फोन नंबर प्राप्त कर परिजनों से संपर्क किया गया है।

## प्रेमिका- प्रेमी ने जहर खाकर जान दी

**गुना।** जिले में नाबालिग प्रेमिका और उसके बालिग प्रेमी ने जहर खाकर जान दे दी। रविवार रात इलाज के दौरान 16 वर्षीय लड़की की जिला अस्पताल में मौत हो गई। उसकी मौत की खबर मिलते ही प्रेमी अस्पताल से भाग निकला। सोमवार सुबह उसका शव कॉलोनी के पीछे खेतों की ओर पड़ा मिला। कैंट थाना पुलिस के अनुसार, रशीद कॉलोनी निवासी 25 वर्षीय गणेश रजक का पड़ोस में रहने वाली आठवीं कक्षा में पढ़ने वाली 16 वर्षीय लड़की से करीब एक साल से प्रेम प्रसंग था।

### खटिया पर 'टाइगर' का कब्जा और बिस्तर पर आराम!

## पोज देकर फोटो भी खिंचाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उमरिया, एजेंसी।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से निकलकर एक खूंखार बाघ खेतों से होते हुए गांव के एक घर में घुस गया। बाघ घर की दहलान में बिछी खाट पर बिछे गद्दे पर जाकर बैठा और आराम फरफाने लगा। कुछ युवकों ने उसका वीडियो भी बना लिया। इधर बाघ को भगाने के प्रयास में एक युवक अपना पैर खो बैठा।



जानकारी अनुसार बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से सटे इलाके में बसे गांवों में आए दिन बाघ पहुंच रहे हैं। ग्रामीणों पर हमला कर जान भी ले रहे हैं। सोमवार सुबह करीब 10 बजे एक खूंखार बाघ जंगल से निकला और खेतों से होते हुए गांव के एक घर में पहुंच गया। टाइगर को देख गांव में दहशत फैल गई और लोग अपने-अपने घरों में कैद हो गए। बाद में कुछ साहसी युवकों ने बाघ को भगाने का प्रयास किया, लेकिन वे बाघ को हिला भी न सके। जिले के बेल्दी गांव में बाघ जिस घर के दहलान में घुसकर आराम फरमा रहा था, वह दुर्गा प्रसाद द्विवेदी का मकान है। यहां पड़ोस के साहसी युवक गोपाल कोल ने बाघ को भगाने का प्रयास किया तो उसने हमला कर दिया। हमले में गोपाल का दाहिना पैर बाघ के जबड़े में आ गया। इधर ग्रामीणों ने जोर—जोर से चिल्लाया तो बाघ उसे छोड़कर वापस घर के अंदर जाकर बिस्तर पर बैठ गया। गोपाल की बमुश्किल जान बची। लहूलुहान हालत में लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। बेल्दी गांव में बाघ ने राजू द्विवेदी के घर के बरामदे में बंधी गाय का शिकार कर लिया। उसे ले जाकर पास के दुर्गाप्रसाद द्विवेदी के बाड़े में रख दिया। इसके बाद बाघ पहले उनके घर में घुसा बाद में गोपाल कोल के घर में खाट पर जाकर बैठ गया।

## सरकारी गाड़ी का एक्सीडेंट कर बीच सड़क नाचने लगा पुलिसवाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम, एजेंसी।** जिले में पदस्थ एक प्रधान आरक्षक ने शराब के नशे में पुलिस के शासकीय ट्रक को दुर्घटनाग्रस्त कर दिया। इतना ही नहीं, नशे में धुत आरक्षक सड़क पर उतरकर खुलेआम डांस करने लगा। राहगीर ने इस शर्मनाक कृत्य का वीडियो बनाया, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। आरक्षक को सड़क पर नाचते देख मौजूद लोग और राहगीर भी हैरान रह गए। मेडिकल में आरक्षक के नशे में होने की पुष्टि हुई है। यह घटना हरदा जिले के टिमरनी नगर में हुई। नर्मदापुरम यातायात पुलिस का एक ट्रक बैरिकेड्स लेकर वापस लौट रहा था। प्रधान आरक्षक चंदन नशे की हालत में ट्रक चला रहा था। उसने नियंत्रण खो दिया और ट्रक सड़क से नीचे उतरकर क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद आरक्षक ट्रक से बाहर निकला और सड़क पर नाचने-गाने लगा। जब लोगों ने उसका वीडियो बनाना शुरू किया, तो उसने कैमरे की ओर देखकर कहा, 'हां, मेरा वीडियो बना ले।' यह देखकर वहां मौजूद लोग हैरान रह गए। टिमरनी पुलिस मौके पर पहुंची और शासकीय वाहन को जब्त कर लिया।

## प्रदेश में बढ़ेगा बसों का किराया!

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में सुगम परिवहन सेवा को अगले वर्ष अप्रैल से इंदौर में शुरू करने से पहले बस किरायों में बढ़ोतरी की तैयारी की जा रही है। वर्तमान में सामान्य बसों के लिए पहले किलोमीटर का किराया सात रुपये और इसके बाद प्रति किलोमीटर 1.25 रुपये निर्धारित है, जबकि डीलक्स बसों में डेढ़ रुपये प्रति किलोमीटर किराया लिया जाता है। बस संचालकों ने सामान्य बसों के किराये को दो रुपये प्रति किलोमीटर तक बढ़ाने की मांग की है। उनका कहना है कि कोरोना संक्रमण के बाद वर्ष 2021 में आखिरी बार किराया बढ़ाया गया था, लेकिन इसके बाद से संचालन लागत में लगभग 50 प्रतिशत तक इजाफा हो चुका है। परिवहन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बस संचालकों की मांग पर विचार किया जाएगा, लेकिन किराया वृद्धि तार्किक और आंकड़ों के आधार पर ही तय की जाएगी। इसके लिए लागत मूल्य सूचकांक (सीपीआई), ईंधन मूल्यों में बढ़ोतरी को दर्शाने वाले फ्यूल प्राइज इंडेक्स (एफपीआई) और होलसेल प्राइज इंडेक्स (डब्ल्यूपीआई) का अध्ययन किया जाएगा। प्रस्ताव को कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद लागू किया जाएगा। अनुमान है कि किराया डेढ़ से पौने दो रुपये प्रति किलोमीटर तक बढ़ सकता है।

राज्य सरकार मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के तहत निजी बसों को अनुबंधित कर अप्रैल 2027 के पहले प्रदेश के विभिन्न मार्गों पर 10 हजार 879 बसों का संचालन करने की योजना पर काम कर रही है। इससे अधिकांश निजी बसें सरकारी नियंत्रण में आ जाएंगी।गठित कंपनियों के माध्यम से निगरानी की जाएगी, जिससे न तो क्षमता से अधिक यात्री बैठ सकेंगे और न ही मनमाना किराया वसूला जा सकेगा।

## संपादकीय


### भाषा की दीवार और लिंचिंग का शिकार: केरल में प्रवासी श्रमिकों की असुरक्षा

केरल के पलक्कड़ जिले में काम की तलाश में आए छत्तीसगढ़ के 31 वर्षीय राम नारायण बघेल की भीड़ ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। यह घटना 17 दिसंबर को हुई। बघेल स्थानीय भाषा नहीं जानते थे, उन्हें चोर समझ लिया गया और अपनी बेगुनाही की गुहार लगाने के बावजूद उन्हें बेरहमी से मार दिया गया। यह घटना केरल जैसे प्रगतिशील राज्य में बाहरी लोगों के प्रति बढ़ती नफरत और प्रवासी श्रमिकों के सामने आने वाली गंभीर चुनौतियों को उजागर करती है। बघेल के चचेरे भाई शशिकांत बघेल ने बताया कि भाषा की बाधा के कारण गलतफहमी हुई और शक होने पर पुलिस को सौंपने के बजाय उन्हें मार दिया गया। इस घटना में 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह दुखद घटना दुनिया भर में प्रवासी श्रमिकों के जीवन का एक कड़वा सच है, जो भाषा, सांस्कृतिक मतभेदों और आर्थिक असुरक्षा का परिणाम है। राम नारायण बघेल की यह हत्या पिछले तीन सालों में केरल में किसी प्रवासी श्रमिक की तीसरी लिंचिंग है। इस घटना ने राज्य में चिंताएं बढ़ा दी हैं और नागरिक समाज को झकझोर दिया है। विशेषज्ञ इस हिंसा के कारणों की पड़ताल कर रहे हैं, जबकि सोशल एक्टिविस्ट सामाजिक रुप से प्रगतिशील राज्य केरल में जेनोफोबिया (अजनबियों के प्रति डर और द्वेष) के बढ़ते खतरे के प्रति आगाह कर रहे हैं। यह मुद्दा कोई आसान जवाब या समाधान नहीं देता है। विशेषज्ञों का मानना है कि केरल में जेनोफोबिया इस सदी की शुरुआत से ही उभरना शुरु हुआ, जब उत्तर और पूर्वोत्तर भारत से आंतरिक प्रवास बढ़ा। केरल राज्य योजना बोर्ड अध्ययन रिपोर्ट, 2017-18 के मुताबिक, केरल के कुल कार्यबल में प्रवासी मजदूरों की हिस्सेदारी का आंकड़ा चौंकाने वाला है। आंकड़ों के अनुसार, कासरगोड में 34%, कन्नूर में 38%, त्रिशूर में 29%, एर्नाकुलम में 57%, पठानामथिट्टा में 61% प्रवासी मजदूर हैं। केरल में इन राज्यों से प्रवासी मजूदर आते हैं।

*Health is Wealth*

# सर्दियों में बढ़ा हुआ है कोलेस्ट्रॉल?

## न्यूट्रीशनिस्ट ने बताई 3 सब्जियां, जो दवा की तरह काम करती हैं!




**हार्ट से जुड़ी समस्याएं आजकल काफी कॉमन होती जा रही हैं, इनके पीछे मुख्य वजह है बढ़ता कोलेस्ट्रॉल। गलत खानपान और लाइफस्टाइल के चलते शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा काफी बढ़ जाती है, जिस वजह से हार्ट अटैक जैसी गंभीर बीमारियों तक का खतरा होता है। खासतौर से आप देखेंगे कि सर्दियों के मौसम में कोलेस्ट्रॉल लेवल बढ़ा हुआ रहता है। एक तो विंटर्स में फिजिकल एक्टिविटीज काफी कम हो जाती हैं, लोग ज्यादा मीठा, तला हुआ खाना पसंद करते हैं और शरीर भी ज्यादा फैट जमा करने लगता है। ये सब मिलकर शरीर में कोलेस्ट्रॉल को बढ़ावा देते हैं। ऐसे में जरूरत है अपनी डाइट में कुछ ऐसी चीजें शामिल करने की जो कोलेस्ट्रॉल लेवल को कम करने में मदद करें। क्लिनिकल न्यूट्रीशनिस्ट ख्याति पटेल ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए ऐसे ही विंटर फूड्स की लिस्ट शेयर की हैं, आइए जानते हैं।**

### सर्दियों में जरूर खाएं मेथी

ख्याति बताती हैं कि अगर आप सर्दियों में अपने कोलेस्ट्रॉल लेवल को नेचुरली कम रखना चाहते हैं, तो मेथी को अपनी डाइट में जरूर शामिल करें। मेथी में नेचुरल सॉल्यूबल फाइबर होता है, जो आपकी इंटेस्टाइन में मौजूद बाइल से बाइंड हो जाता है, जिस वजह से इसे स्टोर्ड कोलेस्ट्रॉल से बाइल एसिड्स बनाने पड़ते हैं। इससे आपका बैड कोलेस्ट्रॉल लेवल कम होता है। मेथी में सेपोनिन नामक तत्व भी मौजूद होता है। आप जो भी फूड खाते हैं, ये उससे कोलेस्ट्रॉल के एब्जॉरपशन को कम करता है। न्यूट्रीशनिस्ट सलाह देती हैं कि सर्दियों में जितना हो सके मेथी को अपनी डाइट में जरूर शामिल करें। आप मेथी स्प्राउट्स, मेथी सब्जी और मेथी थेपला जैसे फूड्स अपनी डेली डाइट में शामिल कर सकते हैं। ये नेचुरल आपके LDL लेवल और ट्राइग्लिसराइड लेवल को कम करने में मदद करती है।

### हरा लहसुन

न्यूट्रीशनिस्ट कहती हैं कि हरा लहसुन एक विंटर सुपरफूड है, जिसके बारे में ज्यादातर लोगों को नहीं पता। जब आप हरे लहसुन को छीलते या काटते हैं, तो इसमें से 'एलिसिन' नामक कंपाउंड रिलीज होता है। ये आपकी बॉडी में उस एंजाइम को टारगेट करता है, जिसे 'Statin' दवाई टारगेट करती है। इस वजह से आपका लिवर कम कोलेस्ट्रॉल प्रोड्यूस करता है और आपकी आर्टरीज को ब्लॉक करने वाला ऑक्सीडाइज्ड LDL भी कम होता है। आप इसे सब्जियों या सलाद में डालकर इस्तेमाल कर सकते हैं।

### आंवला भी बनाएं डाइट का हिस्सा

ख्याति बताती हैं कि आंवला भी आपके कोलेस्ट्रॉल लेवल को कंट्रोल करने में काफी मदद करता है। आंवले में भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो लिवर से बैड कोलेस्ट्रॉल लेवल को कम करता है और ट्राइग्लिसराइड लेवल को कम करता है। आप आंवले की सब्जी, अचार, पराठे, जूस और सलाद जैसी कई चीजें अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

Uttarakhand

# अल्मोड़ा: गहरी खाई में बस गिरने से 7 यात्रियों की मौत, भिकियासैंण रामनगर मार्ग पर हुआ हादसा

**अल्मोड़ा, (एजेंसी) उत्तराखंड के अल्मोड़ा में बड़ा सड़क हादसा हो गया। मंगलवार को खाई में बस गिरने की वजह से सात यात्रियों की मौत हो गई है। कई यात्री घायल हुए हैं। पुलिस और प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंच गई हैं और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है।**

यह हादसा भिकियासैंण इलाके के शिलापनी में हुआ। एक बस गहरी खाई में जा गिरी। बस में लगभग 12 यात्री सवार बताए जा रहे हैं। हादसे की सूचना मिलते ही प्रशासन और राहत-बचाव दल तुरंत मौके के लिए रवाना हो गए। घायलों को खाई से निकालने और



उन्हें तत्काल चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराने का कार्य जारी है।

मृतकों और घायलों की आधिकारिक पुष्टि का इंतजार किया जा रहा है। घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बस की गति काफी तेज थी। उन्होंने यह भी कहा कि जिस स्थान पर यह हादसा हुआ, वह इलाका काफी खतरनाक है।

प्रशासन ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है। गंभीर रूप से घायलों को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया जा सकता है।

Assam

## पहलगाम आतंकी हमले के समर्थक को छुड़ा ले गए 'बांग्लादेशी', असम पुलिस पर हमला, 10 अरेस्ट



**लखीमपुर, (एजेंसी)** असम के लखीमपुर जिले में पुलिस पर हमले और आतंकी समर्थक कंटेंट पोस्ट करने के आरोपी को जबरन छुड़ाने का मामला सामने आया है। इस मामले में बांग्लादेशी मूल के 10 लोगों को सोमवार को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार यह हमला पूरी तरह से योजनाबद्ध था।

घटना 27 दिसंबर को लखीमपुर के बोंगालमोरा इलाके में हुई। पुलिस को खुफिया सूचना मिली थी कि बहारुल इस्लाम सोनापुर क्षेत्र में छिपा हुआ है। बहारुल इस्लाम पर पहलगाम आतंकी हमले के समर्थन में पोस्ट करने का आरोप है। उसने फर्जी अकाउंट से पोस्ट की थीं, जिसमें आतंकी हमले की तारीफ की गई थी। वह लंबे समय से फरार था। खुफिया जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने उसे सोनापुर इलाके में ट्रेस कर हिरासत में लिया। लेकिन जैसे ही पुलिस उसे ले जाने लगी, 10 से अधिक लोगों की भीड़ ने टीम पर हमला कर दिया। लाठी-डंडों से लैस भीड़ ने पुलिस को पीटा और आरोपी को जबरन छुड़ा लिया। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, लखीमपुर के एसएसपी गुनेन्द्र डेका ने बताया- आतंकी हमले के बाद कई लोगों ने सोशल मीडिया पर समर्थन किया था। बहारुल इस्लाम उनमें से एक था। उसे पकड़ने पर अताबुर रहमान के नेतृत्व में एक समूह ने पुलिस टीम पर हमला कर उसे छुड़ा लिया।

Kerala

## संगीत कार्यक्रम में उमड़ी भारी भीड़, दम घुटने से छह लोग अस्पताल में भर्ती

**कासरगोड।** केरल के कासरगोड जिले में एक संगीत कार्यक्रम के दौरान दम घुटने से छह लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना 29 दिसंबर की रात की है, जब कासरगोड के बेकल में एक बीच म्यूजिक फेस्टिवल में भारी भीड़ के कारण कम से कम छह लोगों को दम घुटने की शिकायत के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि समय पर दखल देने से हालात काबू में आ गए और किसी को कोई चोट नहीं लगी। कई लोगों के घायल होने के मीडिया रिपोर्ट्स को खारिज करते हुए पुलिस ने कहा कि वे गलत थीं। पुलिस ने लोगों से अफवाहों पर विश्वास न करने या घटना को लेकर घबराहट न फैलाने की अपील की, और आश्वासन दिया कि स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। घटना के बाद अस्पताल ले जाए गए सभी लोगों को तुरंत डिस्चार्ज कर दिया गया। पुलिस ने यह स्पष्टीकरण तब जारी किया जब मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया कि कल रात बीच पर रैपर वेदन के म्यूजिक शो में भारी भीड़ के कारण कई लोग घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।

Uttarpradesh

## मथुरा में नए साल पर सनी लियोन के प्रोग्राम पर बवाल, भड़के साधु-संत दी आंदोलन की चेतावनी

**मथुरा, (एजेंसी)** नए साल के आगमन पर उत्तर प्रदेश में जगह-जगह रंगारंग कार्यक्रम हो रहे हैं. लेकिन ऐसे ही एक प्रोग्राम को लेकर मथुरा में माहौल गरमा गया. साधु-संत इसको लेकर नाराजगी जाहिर करने लगे और कार्यक्रम रद्द करने की मांग करने लगे. इस बाबत उन्होंने प्रशासन को पत्र लिखा और आंदोलन की चेतावनी भी दी. आखिरकार, साधु-संतों की धमकी व विरोध के चलते सनी लियोन का प्रोग्राम अब कैंसिल हो गया है. दरअसल, श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले के मुख्य याचिकाकर्ता दिनेश फलाहारी महाराज ने नए साल पर मथुरा में आयोजित होने वाले सनी लियोन के कार्यक्रम का कड़ा विरोध किया था. उन्होंने होटल ललिता ग्रैंड और होटल द ट्रक में होने वाले इस आयोजन को ब्रजभूमि को कलंकित करने की साजिश बताया था. सोमवार को साधु-संतों ने 'जिंदाबाद-मुर्दाबाद' के नारे लगाते हुए प्रदर्शन किया और कार्यक्रम को तुरंत निरस्त करने की मांग की. दिनेश फलाहारी महाराज ने पत्र लिखकर कहा कि यह दिव्य गोलोक भूमि योग, साधना और भजन की है. यहां फूहड़ता और अश्लीलता परोसने की अनुमति नहीं दी जाएगी. संतों का तर्क था कि ऐसी अभिनेत्री, जो पोर्न फिल्मों से जुड़ी रही हों, उनका ब्रज में आना धार्मिक भावनाओं को भड़काने जैसा है. उन्होंने प्रशासन से आयोजकों पर सख्त कार्रवाई करने की अपील की थी. फिलहाल, ये पूरा विवाद गहरा गया है और पुलिस भी अलर्ट हो गई है.

खेल

# इंदौर वनडे में छात्रों और दिव्यांग प्रशंसकों के लिए होगी विशेष टिकट

### एमपीसीए ने बनाई खास योजना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला 18 जनवरी को इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेला जाएगा। मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) ने बताया कि इस मैच के टिकट ऑनलाइन मिलेंगे। सीरीज का आखिरी मैच क्रिकेट प्रशंसकों के लिए एक विशेष अवसर होने वाला है क्योंकि एमपीसीए ने छात्रों और दिव्यांग दर्शकों के लिए विशेष टिकट व्यवस्था की है।



कम कीमत पर मिलेगी टिकटें

भारतीय पुरुष टीम की 2026 में यह पहली सीरीज होगी और इसका अंतिम मैच इंदौर में खेला जाएगा। सीरीज के शुरुआती दो मैच वडोदरा और राजकोट में खेले जाएंगे और फिर होलकर स्टेडियम तीसरे मैच की मेजबानी करेगा। एमपीसीए ने इस मैच के लिए व्यापक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए विशिष्ट अनुभाग और कोटा निर्धारित किए हैं, विशेष रूप से युवा प्रशंसकों और दिव्यांग दर्शकों के लिए। अपनी पुरानी परंपरा को जारी रखते हुए एमपीसीए ईस्ट स्टैंड (निचली और दूसरी मंजिल) में छात्रों के लिए रियायती टिकट उपलब्ध कराएगा। प्रत्येक छात्र केवल एक टिकट खरीद सकेगा, जिसकी कीमत ईस्ट स्टैंड (निचली मंजिल) के लिए 750 रुपये और ईस्ट स्टैंड (दूसरी मंजिल) के लिए 950 रुपये है। यह व्यवस्था सीमित टिकटों के लिए रहेगी।

**क्या है आवेदन प्रक्रिया?-** इन टिकटों के लिए आवेदन प्रक्रिया दो चरणों में तैयार की गई है। छात्रों को सबसे पहले आधिकारिक टिकट पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा और वैध दस्तावेज जैसे कि वर्तमान संस्थागत पहचान पत्र या हाल के शैक्षणिक रिकॉर्ड अपलोड करने होंगे। आवेदनों का सत्यापन एमपीसीए द्वारा किया जाएगा और सफल आवेदकों को खरीद पूरी करने के लिए व्हाट्सएप या ईमेल के माध्यम से एक पुष्टिकरण लिंक प्राप्त होगा। पंजीकरण 31 दिसंबर 2025 को सुबह 11 बजे से शुरू होगा और कोटा समाप्त होने तक या 1 जनवरी 2026 को शाम 5 बजे तक जो भी पहले हो तब तक खुला रहेगा।

दिव्यांग दर्शकों के लिए भी इसी तरह की व्यवस्था की गई है। इस श्रेणी के लिए टिकटों की कीमत 300 रुपये है और इन्हें सीट उत्तर-पूर्वी गैलरी में आवंटित किए जाएंगे। आवेदकों को सत्यापन प्रक्रिया के तहत सरकार द्वारा जारी वैध दिव्यांगता प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा।

सिनेमा

## धर्मेंद्र से अगस्त्य नंदा तक, फिल्म 'इक्कीस' के लिए किसे मिली कितनी फीस?



परमवीर चक्र विजेता अरुण खेत्रपाल की कहानी पर बेस्ड फिल्म 'इक्कीस' 1 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। फिल्म देखने के लिए दर्शक बेताब हैं, क्योंकि ये लेजेंडरी दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म है। इक्कीस में अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा और एक्ट्रेस सिमर भाटिया लीड रोल में नजर आएंगे। 'इक्कीस' की रिलीज से पहले आइए जानते हैं कि इस फिल्म के लिए किस एक्टर को कितनी फीस मिली है।

**धर्मेंद्र-** सबसे पहले बात करते हैं दिग्गज दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र की. मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो धर्मेंद्र को उनकी आखिरी फिल्म के लिए 20 लाख रुपये फीस दी गई थी.

**अगस्त्य नंदा-** अमिताभ और जया बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा फिल्म 'इक्कीस' से अपना बिग स्क्रीन डेब्यू करने जा रहे हैं. वो फिल्म में लीड रोल में दिखेंगे. हालांकि, उनकी फीस ज्यादा नहीं है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म के लिए अगस्त्य को सिर्फ 70 लाख रुपये मिले हैं.

**सिमर भाटिया-** सिमर भाटिया फिल्म 'इक्कीस' में फीमेल लीड एक्ट्रेस के तौर पर नजर आने वाली हैं. बताया जा रहा है कि फिल्म के लिए सिमर ने 5 लाख रुपये चार्ज किए हैं.

## Highlights

1. **34-yr-old Navi Mumbai man duped of ₹32 lakh in JNPT job scam**
2. **Madhya Pradesh teen consumes poison as mom refuses to repair phone**
3. **My husband's videos being made public so that he can be identified, killed: Unnao rape survivor**
4. **India seeks fugitive's extradition from UAE in Merchant Navy Captain murder case**
5. **UP man arrested for posing as railway ticket inspector in Maha**

# IndiGo revises pilot allowances across duty types after a flight crisis

**NEW DELHI, (Agency).** IndiGo has announced higher pilot allowances across duty types, less than a month after a crucial change in roster norms crippled operations of India's largest airline. The changes are effective 1 January 2026.

The airline operated by InterGlobe Aviation Ltd. has announced revised pilot salary for domestic layovers, deadhead, overnight flights and domestic transit, according to a document seen by HT.com. The details are as under.



### Deadhead Allowance

Deadhead allowance is compensation paid to pilots when they travel as passengers on a flight to reach a work location or return home. Although they are not flying the plane, they are "positioning" for duty. IndiGo pays a fixed rate per scheduled flight hour for this travel time.

### Night Allowance

Night allowance is additional pay for flight duties performed after midnight to compensate for the physiological strain. For IndiGo pilots, this is now a fixed hourly rate ( ₹2,000 for Captains) applicable to hours flown between 00:00 IST and 06:00 IST.

### Tailswap Allowance

Tail-swap allowance compensates pilots for the extra workload involved in switching aircraft (changing "tails") during a single duty period. This covers the physical effort of moving crew and baggage to a different plane and performing new pre-flight checks. IndiGo now pays a flat fee per occurrence for this specific change.

The tailswap allowance is applicable for all combinations of operating sectors and/or deadhead sectors, within the same duty period. It's not applicable for Deadhead to Deadhead sectors.

### Transit allowance (domestic)

Transit allowance compensates pilots for the waiting time on the ground between flights during a single duty period. For IndiGo pilots, this is now an hourly payment applicable for domestic halts exceeding 90 minutes, paying for the idle time spent at the airport before operating the next flight sector.

# After India, Novo Nordisk cuts WeGovy price in China on generics challenge

**NEW DELHI, (Agency).** Novo Nordisk AS is lowering prices of its top-selling WeGovy weight-loss drug in China, as the Danish drugmaker braces for intense competition from local rivals next year when the patent for its blockbuster treatment ends.

The company did not give details on new prices, but a local media outlet Yicai reported earlier that list prices for the two highest dosages of WeGovy were cut by 48% to 987 yuan ($141) and 1,284 yuan per month, respectively, in some Chinese provinces.




"We can confirm that we are adjusting our prices of Wegovy in China," Novo Nordisk told Reuters in a statement on Monday (29 December 2025). "We believe this pricing adjustment in China will further help alleviate the treatment burden for patients and improve their quality of life."

Over 65% of China's population of around 1.4 billion could be overweight or obese by 2030, making it a rapidly growing market for weight-loss drugs.

With Novo's patent on WeGovy's active ingredient semaglutide expiring in 2026 in China and some other important markets, Chinese drugmakers—including CSPC Pharmaceutical Group and Hangzhou Jiuyuan Genetic Biopharmaceutical Co.—are developing their own versions of the drug and others are gearing up to launch rivals.

Yicai, citing local procurement authorities, had reported that the price cuts would be made in the southwestern Chinese provinces of Yunnan and Sichuan.

Novo Nordisk slashed WeGovy prices by up to 37% in India last month, as it looks to gain ground in another fast-emerging market for obesity treatments. Novo and US rival Eli Lilly—both shifting towards cash-paying consumers—also agreed to cut US prices in November.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक